51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.0°c | अधिकतम 31.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:14 | वर्ष : 51/ अंक : 150 | बृहस्पतिवार, 01 जून 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

पल-पल हमदर्दी जताने वाले निभाने के वक्त सबसे दूर खड़े नजर आते हैं...

विदेशी नेताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा को राहुल पचा नहीं पा रहे हैं : अनुराग ठाकुर

तो क्या इसलिए.. उन्हें विदेश जाकर मोदी के बारे में बोलना पड़ रहा है?.....

शहर में लटके 35 कार्यों के टेंडर निरस्त

- नए सिरे से टेंडर प्रकिया शुरू कर कराए जाएंगे विकास कार्य
- मीनाक्षी स्वरूप ने कहा: पूर्व में पारित प्रस्तावों की समीक्षा होगी
- जन हित के विकास कार्यों को पूरा कराने में लाएंगे तेजी

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। नगर पालिका परिषद में मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में नई सरकार के पदारुढ़ होने के बाद अब लंबे समय से अट-के पड़े विकास कार्यों को पटरी पर लाकर उन्हें गति देने की शुरूआत की गई। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पिछली बोर्ड बैठकों में पारित ऐसे प्रस्तावों की फाइलें तलब कीं, जिनमें प्रस्ताव पास होने या टेंडर होने के बावजूद कोई काम शुरू नहीं हो पाया। पालिकाध्यक्ष ने ऐसे तमाम टेंडर निरस्त करते हुए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर तेजी से इन कामों को गति देने के आदेश दिए हैं। पालिकाध्यक्ष के आदेश के बाद काफी समय से उनींदे पड़े पालिका के अधिकारियों में करंट आया तो करीब 35 ऐसे काम निकले, जिन पर बोर्ड से प्रस्ताव पास होने या टेंडर होने के बावजूद एक साल से कोई काम नहीं हो पाया था। अब इन पर फिर से टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस में उन कामों के टेंडर निरस्त किए जाएंगे, जिन पर स्वीकृति नहीं हुई है।

पहले कोरोना काल और इसके बाद सियासी और अंदरूनी विवाद में उलझी रही नगर पालिका में विगत एक साल से काम काज लगभग ठप्प पड़ा था। जिन ठेकेदारों ने काम किए थे, उनके भुगतान नजराना देने के बावजूद अटके पड़े थे।

इसके अलावा बोर्ड की बैठकों में शहर में सड़क, नाली, पुलिया आदि के जो प्रस्ताव पास किए गए थे, उनमें काम एक इंच आगे नहीं खिसक पाया। ऐसे में पालिका का चार्ज लेते ही चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने साफ कहा कि जिन ठेकेदारों के भुगतान रुके हुए हैं, उनके भुगतान से पूर्व उनके द्वारा किए गए कार्यों की जांच की जाएगी कि उक्त कार्य नियमानुसार और गुणवत्ता पूर्ण हुए हैं या नहीं। यह भी देखा जाएगा कि यह काम टेंडर या वर्क आर्डर के आधार पर भी किए गए हैं या नहीं। इसके बाद ही उनका भुगतान किया जाएगा। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त और तेज गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का जो वादा किया था, उसकी दिशा में काम किया जाएगा। इसी के चलते विगत एक वर्ष की वे फाइलें तलब की गई, जिनमें बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने के बावजूद कोई काम नहीं हो पाया। इनमें कई काम ऐसे हैं जिनमें टेंडर की प्रक्रिया तो शुरू की गई थी, लेकिन टेंडर स्वीकृत नहीं हो पाए। ऐसे टेंडर को निरस्त कर फिर से ई टेंडर के माध्यम से नए सिरे से टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद तेजी से इन विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ तीव्र गति से भ्रष्टाचार मुक्त विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। इसी के चलते नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले बोर्ड के अच्छे कार्यों को रोकने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन विगत बोर्ड बैठकों में पारित प्रस्तावों की समीक्षा के बाद तय किया जाएगा कि किन प्रस्तावों पर अमल होगा और किन पर नहीं। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सामान्य जन हित के सभी कार्य पूरे कराए जाएंगे।

शहर में नए शामिल इलाकों का विकास प्राथमिकता

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। पालिका के सीमा विस्तार के बाद इसमें शामिल इलाकों को विकास की गतिसे जोड़ना पालिका की प्राथमिकता रहेगी और वहां पेयजल आपूर्ति तथा सफाई आदि को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि पूरे शहर के विकास के साथ जरूरी है कि जो नए इलाके पालिका क्षेत्र में आए हैं उन्हें भी तेजी से विकास से जोड़ा जाए। ऐसे में वहां पेयजल आपूर्ति और सफाई को सुनिश्चित करने का काम किया जाएगा। इसके लिए डीपीआरओ से इन इलाकों की स्थिति को लेकर जानकारी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि जल निगम को शहरी क्षेत्र में चार नलकूप लगाने थे। इनमें दो नलकूप लगाए जा चुके हैं। बाकी दो नलकूप कहां लगेंगे, यह पूरा अध्ययन कर तय किया जाएगा कि कहां इनकी अधिक जरूरत है। इसके अलावा जल्द ही अध्ययन के आधार पर विकास कार्यों के प्रस्ताव तय कर उन्हें बोर्ड बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

कब होगी बोर्ड बैठक...?

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। नव निर्वाचित नगर पालिका बोर्ड की बैठक कब होगी ये अभी तय नहीं है। मीनाक्षी स्वरूप और गौरव स्वरूप मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्षों की बैठक में भाग लेने लखनऊ गए हैं। इस दौरान वे पार्टी के बड़े नेताओं से मिलकर उनका आभार भी जताएंगे। मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि लखनऊ से लौटने के बाद चर्चा करके बोर्ड बैठक की तिथि तय की जाएगी।

नेचरोपैथी सेंटर सील, एक रेस्टोरेंट बंद कराया

- अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी
- कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। अनैतिक गतिविधियों के संचालन की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने छापेमारी की। अंसारी रोड पर एक मार्केट में चलाए जा रहे नेचरोपैथी सेंटर को सील कर दिया गया। आवश्यक कागजात न दिखा पाने और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद होने पर पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है।

एएसपी आयुष विक्रम सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने थाना पुलिस को साथ लेकर कई स्थानों पर छापेमारी की। अंसारी रोड पर एक नेचरोपैथी सेंटर पर तीन युवती और संचालक मौजूद मिले। संचालक सेंटर से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाया। पुलिस चारों को हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाने ले गई। इसके बाद इस टीम ने रेलवे रोड के कुछ संस्थानों पर भी छापे की कार्रवाई की। एएसपी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि नगर में कई अवैध सेंटर संचालित हो रहे हैं। इसके साथ-साथ कई रेस्टोरेंट्स में भी अनियमितता की शिकायत सामने आई थी। उन्होंने बताया कि इन्हीं मामलों को मद्देनजर रखते हुए टीम बनाकर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि रेलवे रोड पर चल रहे एक रेस्टोरेंट में गलत गतिविधि की सूचना पर पुलिस के साथ छापा मारा। पुलिस ने सेंटर संचालक से नियमों को लेकर जानकारी की तो वह दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस दौरान कई अनियमितताएं मिली। इसके बाद रेस्टोरेंट को तत्काल बंद कराकर संचालक को चेतावनी दी गई हैं। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि छापे के दौरान संचालक आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाए। फायर सेफ्टी की एनओसी नहीं पाई गई, जबकि अंसारी रोड पर एक नेचरोपैथी सेंटर चलता मिला, जिसके लिए आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई थी। वहां से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में अधीनस्थ अधिकारी गहराई से जांच पड़ताल कर रहे हैं। हिरासत में लिए गए लोगों से भी पूछताछ हो रही है। उन्होंने बताया कि जांच की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

छापामार कार्यवाही करती पुलिस

रेलवे स्टेशन परिसर में पड़ा मिला महिला का शव

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रेलवे स्टेशन परिसर में कुछ लोगों ने एक महिला का शव पड़े देखा, मौके पर भीड़ जमा हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र 40 वर्ष के लगभग है, उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतका के पास से अनिता पत्नी रामन के नाम का राशन कार्ड मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस मृतका की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मुंडभर निवासी 40 वर्षीय संजय पुत्र जयपाल सिंह बीती रात अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर गांव वापस लौट रहा था। गांव के बाहर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह तथा उसका साथी सड़क पर जा गिरे। गंभीर चोट लगने से संजय की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

पुलिस ने पकड़े दो बाइक लुटेरे

छपार, 31 मई (बु.)। पुलिस ने दो दिन पूर्व हुई बाइक लूट का खुलासा कर दिया है। मामले में दो लुटेरों को गिरफ़्तार किया गया है। दोनों का पुलिस ने चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात बरला निवासी बाग ठेकेदार आरिफ के घर लौटने के दौरान दो बदमाशों ने सिर में डंडा मारकर उसकी बाइक लूट ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कांबिंग की थी, लेकिन घंटों के प्रयास भी सफलता नहीं मिल पाई थी। बुधवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि बरला-बसेड़ा मार्ग पर तेजलहेडा बाग की पुलिया पर दो बाइक सवार संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को बाइक सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की। दोनों ने पूछताछ में बाइक लूटने की बात को स्वीकार किया। दोनों लुटेरे गांव सिमर्थी निवासी शुभम व भूरा उर्फ नितिन है। पुलिस ने मालिक को बुलाकर बाइक की पहचान कराई। बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं थी। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर दिया।

छपार क्षेत्र में गले में जूतों की माला डालने वाले सात गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। छपार क्षेत्र के गांव में पंचायत के दौरान बिचौलिये के गले में जूतों की माला डालकर पिटाई करने का वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। इनमें एक पादरी भी शामिल है।छपार थाना क्षेत्र के गांव भैंसरहेड़ी में वैवाहिक विवाद को लेकर आयोजित पंचायत में एक व्यक्ति के गले में जूतों की माला डाल कर पिटाई की वीडियो वायरल हुई थी। मामले को लेकर पुलिस सक्रिय हुई और पूछताछ की तो ग्रामीणों ने बताया कि जिस व्यक्ति को जूतों की माला पहनाई गई है, वह उत्तराखंड के किसी गांव का रहने वाला है। उसने भैंसरहेड़ी गांव से एक युवती की शादी उत्तराखंड के गांव के किसी युवक तय कराई थी। रिश्ते में बिचौलिए की ओर से दी गई जानकारियां गलत निकली। इसकी जानकारी मिलने पर युवती के परिजनों ने उसे घर बुलाकर हाथापाई की थी। जूतों की माला गले में डालकर पिटाई की थी। उसके माफी मांगने पर मामला शांत हो गया था। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सिटी ने छपार पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में थाना पुलिस ने भैंसरहेड़ी निवासी हिजबुर्रहमान, मुंतजिर, गांव खुड्डा निवासी राशिद, खुशनसीब, मोहसीन, शाहनवाज और रामपुर तिराहा निवासी अभिषेक मसीह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। पुलिस अभी उस व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसके गले में जूतों की माला डाली गई थी।

सौरम पंचायत में होगा पहलवानों पर फैसला

- पहलवानों के मामले पर सरकार के साथ बड़े दंगल की तैयारी
- सोरम चौपाल के बजाए वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में होगी पंचायत

शाहपुर, 31 मई (बु.)। दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने से हटाए गए पहलवानों के समर्थन में सोरम की सर्वजातीय और सर्वखाप पंचायत पर सबकी निगाहें लगी हैं। इसमें खाप चौधरियों को बुलावा भेजा गया। पंचायत में भीड़ आने की संभावना के मद्देनजर सौरम चौपाल के बजाए वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में पंचायत होगी। पहलवानों के समर्थन में गुरूवार को होने वाली पंचायत में आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए खाप चौधरियों, किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा समर्थकों के पहुंचने की संभावना है। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान ने बताया कि राजस्थान, यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के खाप चौधरियों और महत्वपूर्ण लोगों को पंचायत की सूचना दी गई है। 11 बजे से यहां लोग पहुंचने शुरू हो जाएंगे। आमंत्रित खाप चौधरियों में चौधरी नरेश टिकैत बालियान खाप, चौधरी राजेंद्र मलिक गठवाला खाप, चौधरी श्याम सिंह बहावड़ी गठवाला खाप, चौधरी चंद्रवीर सिंह निर्वाल खाप, चौधरी संजय सिंह कालखंडे खाप, चौधरी वरुण सहरावत सहरावत खाप, चौधरी विवेक सिंह चौहान खाप, चौधरी सुभाष सिंह चौबीसी छपरौली, चौधरी रामपाल सिंह कलसियन खाप, चौधरी सुरेंद्र सिंह देश खाप, चौधरी ठाठ सिंह कुशवाहा चौबीसी, चौधरी ऋषिपाल सिंह चौगामा खाप, चौधरी अजीत सिंह राठी खाप के अलावा बुडियान खाप, बत्तीसा खाप, देशवाल खाप, पंवार खाप तमाम जाट व अन्य जातियों के खाप चौधरियों को बुलाया गया है। पंचायत स्थल पर चार से पांच हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। किसान नेता बबलू बालियान ने बताया कि बाहर से आने वाले लोगों के लिए भोजन और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था रहेगी। पंचायत को सफल बनाने की तैयारी में भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र बालियान, ग्राम अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, रामभजन सिंह, विजेंद्र चेयरमैन, देशपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, मांगेराम, सुरेंद्र सिंह, पिंकार बालियान, विपिन बालियान व कंवरपाल सिंह आदि जुटे हुए है। ज्ञात रहे कि जंतर-मंतर से पहलवानों का धरना हटाए जाने के बाद क्षुब्ध पहलवान मंगलवार को अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने के लिए हरिद्वार पहुंच गए थे। भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने पहलवानों को समझा-बुझाकर रोका था। पहलवानों ने बालियान खाप के चौधरी को पांच दिन का समय देकर मेडल सौंप दिए थे। पहलवानों को न्याय दिलाने और भविष्य की रणनीति बनाने के लिए सोरम में सर्वखाप की पंचायत बुलाई गई है।

सांसद बृजभूषण ने कहा- अगर एक भी आरोप साबित हुआ तो खुद फांसी लगा लूंगा

बाराबंकी। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवानों के द्वारा मेडल गंगा में बहा देने की चेतावनी पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद ने बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं। भाजपा सांसद ने कहा कि चार महीने हो गए वो मेरी फांसी चाहते हैं लेकिन सरकार मुझे फांसी नहीं दे रही है तो वो (पहलवान) अपना मेडल लेकर गंगा में बहाने जा रहे हैं। मुझ पर आरोप लगाने वालों गंगा में मेडल बहाने से बृज भूषण को फांसी नहीं मिलेगी। अगर तुम्हारे पास सबूत है तो न्यायलय को दो और न्यायालय मुझे फांसी देगा तो मुझे वो स्वीकार है। मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं। पहलवानों ने सरकार को पांच दिन की मोहलत दी है। इसके बाद वह गंगा में मेडल विसर्जित कर सकते हैं।

सीएम आवास के पास परिवार सहित आत्मदाह का प्रयास

लखनऊ, 31 मई (एजेंसी)। गोल्फ क्लब चौराहे के पास बुधवार को अमेठी से आए परिवार ने आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत रही कि आग लगाने से पहले वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने उनको पकड़ लिया और गौतमपल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। बाद में अमेठी पुलिस सभी को अपने साथ ले गई। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली सुधीर अवस्थी के मुताबिक, लखनीपुर के बाजार शुकुल निवासी प्राण कुमार की जमीन है। उनके अनुसार, गांव का राम सदर उपाध्याय जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसे लेकर काफी समय से विवाद है। आरोप है कि मामले की शिकायत अमेठी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से की गई, पर मदद नहीं मिला। इससे आहत प्राण कुमार अपने परिवार के 30 लोगों के साथ बुधवार को सीएम से मिलने लखनऊ आ गया। पीड़ित प्राण कुमार का कहना है कि वह पहले भी तीन बार सीएम से मिलने के मकसद से परिवार संग लखनऊ आ चुका है।

कोर्ट ने पूछा कहां गायब हुए रामपुर तिराहा कांड के मूल दस्तावेज

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। रामपुर तिराहा कांड के मुकदमे से संबंधित पत्रावली के मूल दस्तावेज गायब होने पर आज कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई दो जून को होगी। चर्चित रामपुर तिराहा कांड की सुनवाई के दौरान सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने मूल दस्तावेज नहीं मिलने पर साक्ष्य की प्रक्रिया रोकने की बात कही तो अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-सात के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह ने एसपी से पूछा है कि दस्तावेज कहां गुम हुए । उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सवाल किया कि पत्रावली गायब होने पर सीबीआई ने क्या किया। रामपुर तिराहा कांड से संबंधित मामलों की सुनवाई के दौरान बुधवार को अदालत में सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी और सरकार बनाम मिलाप सिंह की पत्रावली पर सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने अदालत को बताया कि मुकदमे के मूल दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं। अदालत ने इसे आपत्तिजनक मानते हुए एसपी सीबीआई को आदेश दिए हैं कि लिखित में यह बताया जाए कि दस्तावेज कहां गुम हुए हैं। दस्तावेज गायब होने के बाद सीबीआई ने क्या प्रक्रिया अपनाई है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजीव शर्मा, सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी परवेंद्र सिंह और जोगेंद्र गोयल ने बताया कि सीबीआई को लिखित जवाब के लिए दो जून की तिथि तय की गई है।

बिंदल पेपर मिल में तीसरे दिन भी नहीं हुआ आग पर काबू

- यूपी के इतिहास की सबसे बड़ी आग को बुझाने में आधा दर्जन गाड़ियां आज भी जुटी रहीं फैक्ट्री के बड़े हिस्से का ढांचा पूरी तरह जला,
- मलबा हटाते समय नीचे से अभी भी निकल रही आग

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। भोपा रोड स्थित बिंदल पेपर मिल में लगी आग तीन दिन बाद भी पूरी तरह काबू में नहीं है। ऊपरी तौर पर आग बुझ चुकी है, लेकिन गोदामों के अंदर से निकल रहे जले हुए मलबे के ढेरों के नीचे आग अभी भी सुलग रही है। इसे बुझाने में आज भी दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां जूझती रहीं। अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि जब तक आग को पूरी तरह से काबू नहीं किया जाता, ऑपरेशन जारी रहेगा। यह अग्निकांड यूपी के सबसे बड़े अग्निकांड में दर्ज हो गया है। आग से अनुमानित क्षति अभी भी लगाना बाकी है, लेकिन इसके डेढ़ सौ करोड़ से अधिक होने का अंदेशा है। बिंदल पेपर मिल में तीन दिन पूर्व लगी आग से फैक्ट्री के बड़े हिस्से को पूरी तरह ध्वस्त करके रख दिया है। हालत यह है कि तीसरे दिन शाम तक भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। मोटे तौर पर आग बुझी लगती है। इसमें फैक्ट्री की दीवारें और टिन शेड समेत मशीनों और गोदाम में रखे कागज को भारी क्षति हुई है। भवन का ढांचा तो पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। दमकल विभाग के पास अब सबसे बड़ा संकट इस बात को लेकर है कि भारी मात्रा में जला हुआ मलबा फैक्ट्री के गोदामों में है। इसमें ज्यादातर कागज की रीलें और ऐसे ही उत्पाद शामिल हैं। तीन दिन से लगातार पानी डालने के बावजूद मलबे के नीचे

दबी चिंगारियां रह-रह कर सुलग रही हैं। ऐसे में दमकल कर्मियों के लिए अभी भी चुनौती बनी हुई हैं। इसके चलते आज भी शहर स्टेशन की चार गाड़ियों के अलावा बिजनौर, सहारनपुर और नोएडा के फायर टेंडर भी आग बुझाने में जुटे रहे। बड़ी सावधानी से अंदर ही अंदर सुलग रहे मलबे को हटाकर उसे पानी से ठंडा कर हटाया जा रहा है। मलबे को हटाकर जल चुके और गीले पेपर के बंडलों को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला जा रहा हैं। ऐसे में अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि यह आग कब तक बुझ पाएगी। फैक्ट्री परिसर में गिर चुकी छत के झुके हुए गर्डर और जल कर नष्ट हो चुके शेड व जर्जर हो चुकी दीवारों का मलबा दिखाई दे रहा हैं। वहां चारों ओर जले और आग बुझाने के लिए इस्तेमाल पानी से गले पेपर के बंडल नजर आ रहे हैं। दमकल की टीमों के साथ पेपर मिल के 100 से ज्यादा कर्मचारी इस काम में लगे हैं। एसडीएम सदर परमानंद झा आज भी पेपर मिल में पहुंचे और बिंदल पेपर के चेयरमैन राकेश बिंदल व अन्य लोगों से बातचीत की। इसके बाद अधिकारियों ने प्राथमिकता के साथ मलबा हटाने और वहां सुलग रही आग को बुझाने का काम जारी रखने के निर्देश दिए। फैक्ट्री में आग से हुए नुकसान के आकलन को लेकर आग बुझने के बाद ही काम शुरू किया जा सकेगा। हालांकि नुकसान डेढ़ सौ करोड़ से अधिक होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि यह यूपी के इतिहास में किसी कारखाने में लगी सबसे बड़ी और लंबी चलने वाली आग है। बिंदल ग्रुप के चेयरमैन राकेश बिंदल ने कहा कि आज स्थिति काफी नियंत्रण में रही और उम्मीद है कि जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा।

Follow Us On

evan multi speciality hospital

ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)

GRAND OPENING

पेट रोग विशेषज्ञ से परामर्श पाए अब अपने ईवान अस्पताल में

ओपीडी सेवाएं
1 जून 2023 से
सोमवार से शनिवार
सुबह 10 से
दोपहर 2 बजे तक

डॉ. नित्यानंद शर्मा
एमबीबीएस , एमडी , डीएनबी
गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट

आप कभी भी अपना अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।
24/7 CARDIAC SERVICE
MO.- 9068995066, 7088002623

आयुष्मान भारत योजना PM-JAY
आयुष्मान कार्ड धारको का हो रहा मुफ्त इलाज.

MO.: 90689-95066,70880-02623,70880-02620

E-mail : info@evanhealthcare.com | Visit us : www.evanhealthcare.com

स्थान : 4th किमी. भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

अटल भूजल योजना में झोल, फिर से दिए जांच के आदेश

- शाहपुर क्षेत्र के गांव काकड़ा में निर्माण कार्य में मिली खामी
- तालाब के निर्माण कार्य में अधिक धनराशि निकलने पर शक
- लघु सिंचाई विभाग के कई बड़े अफसर संदेह के घेरे में

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। जनपद में भूजल स्तर में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर बनाई गई अटल भूजल योजना को ग्राम स्तर पर बनाए गए वाटर सिक्योरिटी प्लॉन को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद मिली स्वीकृति के बाद शाहपुर के गांव काकडा में अटल भूजल योजना में हुई तालाब के सौन्दर्यकरण को लेकर हुई जांच तथ्यहीन पायी जाने पर अफसरों ने संबंधितों को फटकार लगाई है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में सीडीओ संदीप भागिया ने नाराजगी जताते हुए फिर जांच करने के निर्देश दिए है। उक्त जांच में टीम द्वारा साक्ष्यों को छिपाकर ग्रामीणों से वार्ता करते हुए सौंपी गई थी। ऐसे में सीडीओ ने करीब 50 लाख के हुए बड़े गडबडझाले में फिर से टेक्निकल बिन्दुओं पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए है।

जी हां, यही है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की महत्वाकांक्षी अटल भूजल योजना का जमीनी सच। जनपद में बुढ़ाना क्षेत्र में बीते वर्ष सरकार की पहल पर गिरते जल स्तर को सुधारने की कवायदों के बीच जिले में अटल भूजल योजना के तहत 53 तालाब बनवाने के लिए करीब 1.60 करोड़ रुपए की इस कार्य योजना को तैयार किया है, वहीं दूसरी ओर शाहपुर क्षेत्र के गांव काकड़ा में भी अटल भूजल योजना के तहत एक तालाब को तैयार करने के लिए लघु सिंचाई विभाग द्वारा करीब 56 लाख रुपए की कार्य योजना तैयार की गई है। अटल भूजल योजना के तहत ग्राम काकड़ा में होने वाले तालाब के सौंदर्यकरण को लेकर अभी तक भी अधिक कार्य नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों ने इस बीच करीब 50 लाख रुपए की धनराशि खाते से निकाल ली है। योजना की धरातल पर स्थिति को देखते हुए बीते दिनों सीडीओ संदीप भागिया ने निरीक्षण किया तो उन्हें काकड़ा गांव में मौके पर निकाली धनराशि के सापेक्ष अधिक काम नहीं मिला। उन्होंने ऐसे में जहां उन्होंने एक ओर तत्काल प्रभाव से सौंदर्यकरण के काम पर रोक लगा दी थी। वहीं उन्होंने इस मामले की जांच प्रमोद कुमार यादव डीसी एनआरएलएम को करने के निर्देश दिए। हालांकि इस बीच में जांच अधिकारी द्वारा निर्माण कार्य की तथ्यहीन जांच रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी, जिस पर सीडीओ ने जांच अधिकारी कड़ी फटकार लगाते हुए इस बीच नाराजगी जताई है। उन्होंने उन्हें फिर से सही और टेक्निकल रूप से जांच करने के निर्देश दिए है। सीडीओ की इस कार्यवाही से निर्माण कार्यो से जुड़े अफसरों और संबंधित ठेकेदारों में हड़कंप मचा है। काकडा तालाब प्रकरण में लघु सिंचाई के जेई, एई और एक्सईएन तक की गर्दन फंसती दिख रही है। मामले में अभी तक लघु सिंचाई एक्सईएन ने एमबी भी नहीं दी है।

बता दें, बीते वर्ष जिले की बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के 53 गांव के लिए उक्त योजना बनाई गई थी, जिनमें ग्राम अलीपुर अटेरना, अटाली, बहरामगढ़, बडकता, बड़ौदा, बवाना, भैसाना, बिराल, बिटावदा, चंधेड़ी, फतेहपुर खेड़ी, गढ़ी नौआबाद, हुसैनपुर कलां, इटावा, जैतपुर, कमरूद्दीनगर, खानपुर, खेड़ी गनी, खिजरपुर, कुरालसी, कुरथल, कुतुबपुर, लोई लुहसाना, महलजना, मंदवाड़ा, मोहम्मदपुर राय सिंह, मिंडकली, ग्राम रसूलपुर काकड़ा, नवादा, रियावली नंगला, सराय, सठेडी, शफीपुर पट्टी, शिकारपुर, टांडा माजरा, वैल्ली, उकावली, जोगिया खेड़ा, कुरावा, रायपुर अटेरना, जौला, खरड़, परासौली, डूंगर, दुर्गनपुर, फुगाना, सागड़ी, हरियाखेड़ा, करौदा महाजन, खेड़ा मस्तान, राजपुर छाजपुर, सरनावली का चयन किया गया था।

इन्होंने कहा-

मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया ने बताया कि शाहपुर क्षेत्र के ग्राम काकड़ा में अटल भूजल योजना के तहत तालाब निर्माण और सौंदर्यकरण कार्य को लेकर हुए गडबडझाले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि जांच टीम द्वारा तथ्यहीन जांच रिपोर्ट दी है, जिसे वापस करने के साथ फिर से टेक्निकल रूप से जांच करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि जांच टीम ने ग्रामीणों से वार्ता कर जांच रिपोर्ट बना दी थी, जिसमें साक्ष्यों को छिपाया गया है।

शाहपुर के बेसहारा गोवंश को आश्रय देने में संवेदनशील दिखे चेयरमैन अकरम कुरैशी

पहला औचक निरीक्षण... नगर पंचायत मुखिया को पेयजल आपूर्ति में मिली गड़बड़ी, नलकूपों पर तैनात कर्मियों को लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी

शाहपुर, 31 मई (बु.)। नगर पंचायत के अध्यक्ष मौहम्मद अकरम कुरैशी उर्फ कल्लू पौदी ने कान्हा पशु आश्रय स्थल, ओवरहेड टैंक व नलकूपों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। गौशाला में नवनिर्वाचित चेयरमैन गोवंश को हरा चारा खिलाया तथा उनकी बेहतर ढंग से रखरखाव के निर्देश अपने अधीनस्थों को दिए चेयरमैन के औचक दौरे से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने शनिवार तक व्यवस्था में सुधार न होने पर कर्मचारियों के पटल चेंज करने के साथ-साथ कार्यवाही की चेतावनी दी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद अकरम कुरैशी बुधवार सुबह गौशाला क्रय समिति के सदस्य एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार सचिन संगल, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश पाल एवं नगर पंचायत कर्मियों के साथ कस्बे में स्थित कान्हा पशु आश्रय स्थल गौशाला पहुंचे, जहां सफाई एवं अन्यच व्यवस्था परखने के लिए निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद पशुओं की संख्या का रजिस्टर से मिलान किया, जो सही पाया गया। गौशाला में कुल 59 गोवंश पाए गए चेयरमैन ने गौशाला पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में पशुओं के हरे चारे व भूसे की कमी न होने पाए । इसके अलावा पशुओं के पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की जाए । चेयरमैन ने निर्देश दिए कि कमजोर पशुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए यदि कोई पशु किसी बीमारी से ग्रसित है तो उसका तत्काल उपचार कराया जाए। विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए गौशाला में इनवर्टर आदि से वैकल्पिक प्रबंध किया जाए। उन्होंने गौशाला के पानी की निकासी पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में अस्थाई नाले का निर्माण कराया जाए, शीघ्र पक्के नाले का निर्माण कराया जाएगा। चेयरमैन ने पशुओं को हरा चारा खिलाकर उनकी सेवा की। इसके अलावा चेयरमैन ने नगर पंचायत के ओवरहेड टैंक व नलकूपों का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने तैनात कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौशाला के सदस्य सचिन सिंघल, दिनेश पाल लिपिक नईम अहमद, सफाई नायक संदीप पाल एवं महबूब अहमद, गौशाला के सुपरवाइजर विनोद वाल्मीकि व रतन सिंह आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष के पहले निरीक्षण से ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। हाजी अकरम कुरैशी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह कभी भी किसी भी सरकारी स्थान का आकस्मिक निरीक्षण कर सकते हैं। उन्होंने शनिवार तक साफ सफाई एवं तमाम व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन के निर्देश दिए हैं, ऐसा ना होने की दिशा में संबंधित कर्मचारियों के पटल परिवर्तित कर दिए जाएंगे तथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा चेयरमैन में नगर में घूम रहे आवारा गोवंश को नियमित व्यवस्था होने तक नगर पंचायत के ओवरहेड टैंक अथवा गौशाला में शिफ्ट करने तथा उनकी देखभाल करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि नगर के मुख्य मार्गों में इन बाजारों एवं गली मोहल्लों में बड़ी मात्रा में गोवंश घूम रहे हैं जिससे हादसा होने का भी अंदेशा बना रहता है। अकरम कुरैशी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि गोवंश की सुरक्षा एवं गौशाला की देखरेख मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक हैं इसमें किसी भी प्रकार की कोताही अमल में नहीं लाई जाएगी, ऐसा करने वाले कर्मचारी अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का प्रथम निरीक्षण दौरा कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद से हाजी अकरम कुरैशी लगातार सक्रिय रूप से जन समस्याओं का एक के बाद एक निस्तारण कर रहे हैं। पथ प्रकाश की व्यवस्था में समस्त 13 वार्डों में सुधार किया जा रहा है। चेयरमैन का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान है, इस बाबत उन्होंने सफाई कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

फोटो बुलेटिन
गोवंश आश्रय स्थल में पशुओं को हरा चारा खिलाते चेयरमैन अकरम (बाएं) तथा ओवरहैड टैंक का निरीक्षण कर जल निकासी की जानकारी लेते हुए, साथ हैं अन्य लोग।

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

93 वर्ष पूर्व भारत की पहली डीलक्स ट्रेन बॉम्बे से शुरू हुई

नई दिल्ली, 31 मई (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 01 जून की प्रमुख घटनाएँ इस प्रकार हैंः- 1670-इंग्लैंड के महाराज किंग्स चार्ल्स द्वितीय और फ्रांस के राजा किंग लुइस 14वें ने डच विरोधी गोपनीय संधि पर हस्ताक्षर किए। 1746-फ्रांसीसी सेना ने एंटवर्प पर कब्जा किया। 1819-गाल में सेरामपुर कॉलेज की स्थापना की गयी। 1835-कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य शुरू हुआ। 1874-ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग कर दिया गया। 1880-पहली पे-फोन सेवा शुरू की गयी। 1916-जर्मनी की सेना ने वर्दुन के फोर्ट वॉक्स पर हमला किया। 1922-रॉयल अलस्टा पुलिस की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई। 1927-अमेरिका और कनाडा के बीच शांति संबंध बहाल हुये। 1930-भारत की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन बॉम्बे वीटी से पुणे के बीच चली। 1941-ब्रिटिश सेना ने इराक की राजधानी बगदाद पर कब्जा कर लिया. 1948-इजरायल और अरब देश संघर्ष विराम पर राजी हुये। 1965-जापान के फुकुओका क्षेत्र में कोयला खदान में विस्फोट होने से लगभग 250 लोगों की मौत। 1969-कनाडा में रेडियो और टीवी पर तम्बाकू उत्पाद तथा उनसे संबंधित विज्ञापनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया। 1970-पहली जून को ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैरॉल्ड विल्सन के ऊपर एक चुनावी सभा के बाहर अंडा फेंका गया। 1980-केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) टेलीविजन नेटवर्क का पहली बार प्रसारण शुरू हुआ। 1992-भारत एवं इजरायल के बीच हवाई समझौता हुआ।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 31 मई, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 61,700	चांदी-72,000
सिक्का- 850	गिन्नी- 46,000

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 31 मई, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढेया-1120, चाकू 1500-1630, लड्डू 1450-1580, खुरपापाड़ 1440-1455, शक्कर मसाला 1580। आमद-2000 मन।

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 01 जून, 2023

मेष- प्रगति का मार्ग प्रशस्त, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिणाम के अनुरूप सफलता, उपहार लाभ, हर्ष भी।

वृषभ- आथूक समस्या का समाधान, कुछेक कठिनाइयों का निवारण, स्वजनों-मित्रों के माध्यम से बकाए धन की वसूली।

मिथुन- योजना साकार होने की ओर, इच्छाशक्ति का विकास, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, पारिवारिक सम्बन्धों में तालमेल।

कर्क- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, सोचे हुए कार्य अधूरे, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, शारीरिक मानसिक कष्ट, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य।

सिंह- मनोभिलाषित योजनाओं का कार्यान्वयन, जीवन साथी से सामंजस्य, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, आयोजन का सुअवसर।

कन्या- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, मंगल आयोजन सम्पन्न, सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, बकाए धन की वसूली, आनन्द की अनुभूति।

तुला- दिन बेहतर, सिद्धि का प्रयास सार्थक, महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, नवसम्पर्क का सुयोग, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, आवागमन में अनुकूलता।

वृश्चिक- समय निराशाजनक, परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, पठन-पाठन में अरुचि, सुख के साधन का अभाव।

धनु- मनोवांछित सफलता, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, धर्म के प्रति आस्था।

मकर- अधूरी या नवयोजना की शुरुआत, इच्छित पद की प्राप्ति, बौद्धिक विकास, समस्याएँ सुलझने की ओर, पठन-पाठन में रुचि।

कुम्भ- कार्यों में सफलता, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रभावाशाली हस्तियों से सम्पर्क, कुछेक समस्याओं का समाधान, आय के नवीन स्रोत।

मीन- योजना की पूर्त में अड़चनें, विपरीत घटनाएं घटित, मानसिक बेचैनी, लाभ में कमी, दूसरों के गलतफहमी के शिकार।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

वर्ल्ड विजन में पुलिस मॉडर्न स्कूल के शिक्षकों के लिए वैबनार

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। विद्यालय में आयोजित वैबनार में सर्वप्रथम प्रधानाचार्या ने शिक्षकों को वर्कशॉप के अंतर्गत आने वाली सभी गतिविधियों से अवगत कराया। सीनियर अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल ने शिक्षकों को लेसन प्लैनिंग, क्वेश्चन पेपर फॉरमैट, बुक सिलेक्शन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, आइस ब्रेकिंग एक्टिविटीज, वीकली प्लैनिंग व कोर्स स्किल्स आदि के विषय में सविस्तार जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर आयोजित इन गतिविधियों का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है। शिक्षकों द्वारा आयोजित गतिविधियाँ छात्रों को सामाजिक कौशल विकसित करने का मौका देती हैं जो शिक्षा और व्यापक दुनिया दोनों में उनके समग्र विकास और सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह छात्रों को टीमों में काम करने, अपने साथियों के साथ मजबूत संबंध बनाने और उनके संचार और नेतृत्व कौशल में सुधार करने के अवसर भी प्रदान करती हैं।

प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार दिलाएंः डीएम

▸▸ जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा ने की कौशल विकास मिशन योजना की समीक्षा

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। विकास भवन सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और सीडीओ संदीप भागिया द्वारा ली गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिला प्रोबेशन अधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा योजना में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाये। उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षणार्थियों के मोबलाइजेशन के लिए ब्लॉकवार कैम्प लगाकर अधिक से अधिक लोगों को ट्रेनिंग से जोड़ा जाए। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत 2021-22 एवं 2022-23 की समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं का क्रमवार समीक्षा की गई, जिसमें जिन प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन नहीं हो पाया है, उनका मूल्यांकन समस्त प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा माह जून, 2023 तक करा लिया जाये। जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं के बच्चों का रिजल्ट आ चुका है। उनको रोजगार दिलाने के लिए कठोर निर्देश दिये गये है, जिसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण प्रदाता स्वयं अपने केन्द्रों पर कम्पनियों को बुलाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को रोजगार दिलायें तथा जो लोग स्वरोजगार करना चाहते हैं। उनको एलडीएम के माध्यम से लोन दिलाने तथा खादी ग्राम उद्योग, जिला उद्योग, जिला उद्यान अधिकारी एवं कृषि अधिकारी की मदद से स्वरोजगार एवं रोजगार से जोड़ने का प्रयास करें। डीएम द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि माह जून, 2023 तक सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को अपने प्रशिक्षण केन्दों पर रोजगार मेले का आयोजन करके अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिभाग कराते हुए रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाए। जिला समन्वयक एवं जिला प्रबन्धक को यह निर्देश दिया गया है कि 2023-24 के समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं का मोबलाइजेशन एवं प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कराते हुए इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पूर्ण करा लिया जाए, तथा जिन बैंचों का मूल्यांकन नहीं हो पाया है उन बैचों का ई-मेल के माध्यम से सेक्टर स्किल काउंसिल से सम्पर्क करके मूल्यांकन पूर्ण करा लिया जाए। तथा जिस सेक्टर में प्रशिक्षण के लिए टीओटी उपलब्ध नहीं है उन प्रशिक्षण प्रदाताओं का सेक्टर स्किल काउंसिल के माध्यम से टीओटी भी जल्द से जल्द करा लिया जाए।

अहिल्याबाई होल्कर को याद किया, पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

पुरकाजी, 31 मई (बु.)। कस्बे में माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके आदर्शों के बारे में लोगों को बताया। लोगों ने चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहल्ला उत्तरी चमारान के शिव मंदिर परिसर में बुधवार दोपहर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहां इकट्ठा हुए लोगों ने माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि यूपी रत्न व पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य डॉ संदीप वर्मा ने अहिल्याबाई द्वारा

समाज और देश हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। युवाओं से कहा कि वह बाई के आदर्शों को जीवन में अपनाए। वर्मा ने संत महापुरुषों के बताए मार्गों पर चलने को कहा। कार्यक्रम आयोजक शिव कुमार पाल, जिला मंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा डॉ ओपी गौतम, सभासद सावन कुमार, मनोज कर्णवाल, अनिल कुमार पाल, विपिन गोयल, संजय धीमान, पूर्व सभासद बाबूराम, पंडित भानु शर्मा, आनंद धीमान आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : मीमो/कर/2023-24 दिनांक : 31-05-2023

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा अपने निर्धारित मदों की वसूली से सम्बंधित ठेकों को वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु नीचे दिये गए विवरणानुसार नियत दिनांक व समय में सार्वजनिक नीलाम/बोली करायी जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निम्न ठेकों की निर्धारित तिथि/समय से पूर्व निम्नवत् दिये गये निर्देशों के तहत सार्वजनिक बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। ठेकों का विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र. सं.	ठेके का नाम	नीलामी का दिनांक व समय	इस वित्तीय वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए ठेका छूटने की नियमानुसार प्रस्तावित सरकारी बोली	प्रस्तावित जमानत धनराशि
01.	पार्किंग स्थल टाउन हॉल गेट नं0 1 से पालिका गेट नं0 3 तक चाट बाजार से प्रतिदिन शुल्क वसूली का ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	18,36,938/-रु.	1,83,694/-रु.
02.	नगर पालिका परिषद, प्रागण से पार्किंग शुल्क वसूली ठेका (दिवस उपलब्धता के आधार पर)	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	14,15,484/-रु.	1,41,548/-रु.
03.	पार्किंग स्थल रेलवे स्टेशन गेट नं0 01 से, भारतीय स्टेट बैंक के सामने रिक्शा स्टैंड का स्थान छोड़कर, से पार्किंग वसूली का ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	1,83,217/-रु.	18,322/-रु.
04.	पार्किंग स्थल पालिका शैल्टर होम से रेलवे स्टेशन गेट नं02 पर खोखे तक पार्किंग शुल्क वसूली का ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	4,51,654/-रु.	45,165/-रु.
05.	मेरठ रोड तहसील मेन गेट के दाईं ओर स्थित स्थल से पार्किंग शुल्क वसूली ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	3,76,521/-रु.	37,652/-रु.
06.	नई मण्डी जानसठ रोड पुल के नीचे पार्किंग संचालन का ठेका पंजाब नेशनल बैंक से आगे पुल के 03 पिलरों के बीच 100 फुट लम्बी 20 फुट चौड़ी जगह निर्धारित कर पार्किंग शुल्क वसूली ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	65,963/-रु.	6,596/-रु.
07.	पार्किंग स्थल जिला अस्पताल के सामने पानी की टंकी के पास से टैम्पू स्टैंड के स्थान से पार्किंग शुल्क वसूली ठेका।	09-06-2023 समयः 12 बजे दोपहर	2,47,346/-रु.	24,735/-रु.

शर्त :

1- सशर्त बोली पर विचार नहीं किया जायेगा।

2- ठेका समयावधि वित्तीय वर्ष 2023-24 अर्थात स्वीकृति की दिनांक से 31-03-2024 तक होगी।

3- ठेका पालिका द्वारा स्वीकृत/निर्धारित शर्तों पर ही छोड़ा जायेगा।

4- बोलीदाता को ठेके से सम्बंधित निर्धारित जमानत धनराशि बैंक ड्राफ्ट/पे ऑर्डर जो नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगा, जमा करने के साथ-साथ सक्षम अधिकारी से निर्गत पालिका का अदेय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र/आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ठेके की जमानत धनराशि अनिवार्य रूप से बोली की तिथि से 01 दिन पूर्व पालिका में जमा करानी होगी।

5- बोलीदाता के द्वारा यदि ठेके से सम्बंधित निर्धारित जमानत धनराशि नकद रूप में जमा की जाती है, तो बोलीदाता को उसी समय एम0एस0सी0 फार्म सं0 05 पर रसीद जारी की जायेगी, यदि बोलीदाता के द्वारा दी गयी बोली अधिक प्रतीत होती है तो बोलीदाता के द्वारा की गयी जमानत धनराशि नियमानुसार चैक के माध्यम से अधिकतम बोलीदाता के द्वारा दी गयी बोली की स्वीकृति के उपरान्त वापिस की जायेगी।

6- ठेके की निर्धारित नीलामी दिवस में किसी प्रकार की कोई जमानत राशि एवं ठेकों से सम्बंधित कोई भी आवश्यक प्रपत्र जमा नहीं किये जायेंगे तथा इच्छुक व्यक्तियों की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होने पर सार्वजनिक नीलाम में कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपनी बोली बोलने हेतु अधिकृत होगा।

7- ठेकों से सम्बंधित अन्य शर्तों एवं अन्य जानकारी प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय स्थित कर विभाग के लाईसेंस पटल से प्राप्त की जा सकती है।

8- नियमानुसार तीन वर्ष का आयकर रिटर्न बोलीदाता को सम्बंधित प्रपत्र के साथ जमा करने के बाद ही प्रतिभाग के लिए अनुमन्य होगा तथा सम्बंधित ठेके पर नियमानुसार देय जी.एस.टी. पालिका में जमा करायेगा।

9- उच्चतम बोलीदाता को ठेके की कुल धनराशि का 40 प्रतिशत भाग जमानत धनराशि के अतिरिक्त बोली छूटने के तुरन्त बाद पालिका कोष में जमा करना होगा तथा ठेका स्वीकृति उपरान्त निर्धारित 4 प्रतिशत की दर से स्टाम्प प्रपत्र पर अनुबंध कराना होगा। इसके उपरान्त ही कार्य आदेश निर्गत किया जायेगा तथा ठेके की शेष 30 प्रतिशत धनराशि माह सितम्बर 2023 तक एवं शेष 30 प्रतिशत ठेका राशि माह दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से पालिका कोष में जमा करनी होगी।

कर अधीक्षक	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर	नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर	नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत पुलिस लाइन में मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस-2023 मनाया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस लाईन क्वार्टर गार्द तथा पुलिस कार्यालय पर पुलिसकर्मियों को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा अपने जीवन में कभी भी तम्बाकू उत्पादों का उपयोग ना करने, अपने परिजनों-मित्रों व परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन ना करने हेतु प्रेरित करने तथा पर्यावरण को तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने में योगदान करने की शपथ ग्रहण की गयी। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के दौरान पुलिस लाईन व पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। उत्तर-प्रदेश पुलिस को अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनायी गयी तथा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु किये गये सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गयी। विदाई समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक राजकुमार शर्मा, प्रभारी एस.ओ.जी. व उप निरीक्षक विष्णुदत्त शर्मा, कचहरी सुरक्षा को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ में विद्यार्थियों को बताये तम्बाकू के गंभीर परिणाम, दूर रहने को किया प्रेरित

छात्र-छात्राओं को दी गई धुम्रपान पर बनाये गये कानून की जानकारियां

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। भोपा रोड स्थित एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम, हमें खाने की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं, के पीछे डब्ल्यूएचओ के मकसद से अवगत कराते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को तंबाकू की बजाय दूसरी पैदावार के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को तंबाकू की भयावहता और संबंधित कानूनों की जानकारी दी। कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा द्वारा तंबाकू के गंभीर परिणामों से अवगत कराया गया। कॉलेज प्रवक्ता अनीता सिंह ने तंबाकू आदि के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज प्रवक्ता वैभव कश्यप ने किया। प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग ने शपथ दिलाई। पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अमित त्यागी, छवि जैन, अमित भारद्वाज, गरिमा तोमर, अभिनव गोयल, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही आदि उपस्थित रहे।

फोटो बुलेटिन
कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ मौजूद छात्र एवं छात्राएं।

निर्जला एकादशी पर शाहपुर में लगाई गई छबीलें, बांटा मीठा शर्बत

शाहपुर, 31 मई (बु.)। कस्बे में चौधरी मार्केट के दुकानदारों द्वारा निर्जला एकादशी पर्व पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाकर सेवा की। इस दौरान मनोज सिंघल, सभासद मनोज अरोरा, वर्धन खन्ना, विनीत शर्मा, चिराग त्यागी, विनोद प्रजापति, नीरज सैनी, गर्वित बंसल, विनय गोयल, अंकुश गोयल व नीरज गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बीआरसी कार्यालय के गेट पर कर्मचारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण, सौरव गुप्ता, अलका गुप्ता, अमरदीप, संदीप कुमार व गीता कुमारी आदि मौजूद रहे। सैनी मार्केट के दुकानदारों ने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया, जिससे राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत मिली। इस दौरान सचिन सैनी, नितिन सैनी, अरुण, आदेश व अंकित आदि मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अ. ने की बैठक

छपार, 31 मई (बु.)। कस्बे में हाइवे पर स्थित भाकियू अराजनैतिक के कार्यालय पर संगठन की ओर से बैठक आयोजित की गई। किसानों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए संघर्ष को लेकर यूनियन पदाधिकारियों द्वारा किसानों के साथ विचार विमर्श किया गया। युवा ब्लाक अध्यक्ष मयंक त्यागी के नेतृत्व में बुधवार दोपहर बैठक की गई। बैठक में अजय त्यागी को छपार का युवा ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अजय को टोपी पहनाकर संगठन की सदस्यता दिलाई गई। किसानों की बिजली, पानी आदि समस्याओं को रखा गया। अफसरों से मिलकर किसानों की दिक्कतों के समाधान की बात कही गई। इस दौरान अवनीश चौहान, सद्दू गौड, अजीत गुर्जर, विनोद कुमार, शहजाद अहमद, तसलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

मैडल, गंगा और पहलवान

जंतर-मंतर पर धरना दे चुके पहलवान अपनी उपेक्षा से खिन्न होकर अपने मैडल पतित पावनी माँ गंगा में प्रवाहित करने गए थे, लेकिन उन्हें नरेश टिकैत ने ऐसा करने के लिए रोका। आजकल यह मामला सोशल मीडिया पर न्यूज चैनलों पर पूरा छाया हुआ है। बृजभूषण के इंटरव्यू भी चल रहे हैं, जिसमें वे कह रहे हैं कि मैडल गंगा में बहाने से मुझे फाँसी नहीं होगी, सबूत से होगी, अगर मैं दोषी हुआ, तो खुद फाँसी पर लटक जाऊंगा, उन्होंने यह भी कहा कि मैडल वापस करने से क्या होगा मिला हुआ पैसा भी लौटाओ। इस मामले में पहलवान कुछ कह रहे हैं, बृजभूषण कुछ कह रहे हैं, पुलिस कुछ कह रही है। यह मामला लोगों की चर्चाओं में आजकल पूरी तरह है। ज्यादातर लोगों का कहना है कि महिला पहलवानों को इंसाफ मिलना चाहिए साथ ही वे यह भी कह रहे हैं कि किसी कारण से किसी को भी गलत तरीके से फसाना भी नाइंसाफी होगी और न पहलवानों के साथ नाइंसाफी और न किसी और के साथ। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे रेसलर्स गंगा में मैडल न बहाने के फैसले के बाद पूरी तरह खामोश हैं। खाप और किसान यूनियन के आग्रह पर हरिद्वार में मैडल बहाने गए रेसलर्स साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया वापस लौट चुके हैं। इसके बाद सार्वजनिक तौर पर अभी किसी भी पहलवान का कोई बयान सामने नहीं आया। नरेश टिकैत ने 5 दिन का अल्टीमेटम देकर पहलवानों को मेडल न बहाने के लिए मनाया था। साथ ही इसके बाद बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने कल कहा कि बृजभूषण को गिरफ्तार करने लायक सबूत अभी नहीं मिले हैं। इस मामले में एक और मोड़ आया है। जिस महिला पहलवान ने पाक्सो के तहत बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था, उसके बालिग होने का दावा किया जा रहा है। पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ जो आरोप लगाए हैं, उन्हें साबित करने के लिए सबूत अभी नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि बृजभूषण न तो गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं और न ही सबूतों को मिटा रहे हैं। हम अगले 15 दिन में कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेंगे। बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने वाली पहलवान बालिग निकली है। ये पहलवान रोहतक की रहने वाली है। उसके स्कूल से मिले बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर उसके बालिग होने की पुष्टि हुई है। इसकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम रोहतक गयी थी। उसके पिता ने इसे गलत करार दिया है। उनका दावा है कि उनकी बेटी नाबालिग है। रोहतक में नाबालिग पहलवान के चाचा मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि बृजभूषण पर केस दर्ज करवाने वाली पहलवान भतीजी नाबालिग नहीं है। उन्होंने लड़की के जन्म से जुड़े प्रूफ भी दिखाए। चाचा ने कहा कि सरकारी नौकरी का लालच देकर उनकी भतीजी से इस तरह के आरोप लगवाए गए हैं। लड़की के पिता का कहना है कि वह लड़की का चाचा नहीं बल्कि ताऊ है। वह बड़ी बेटी के दस्तावेज दिखा रहा है। जिसकी पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने भी रोहतक जाकर जांच की, जिसके बाद पहलवान के बालिग होने का दावा किया जा रहा है। अभी कुछ साफ नहीं है पिता और चाचा के बयान अलग-अलग हैं। अगर पुलिस जांच में यह बात सही निकली कि आरोप लगाने वाली पहलवान नाबालिग नहीं बालिग है, तो बृजभूषण पर दर्ज केस से पॉक्सो एक्ट हट जाएगा। ऐसे में उनके खिलाफ सिर्फ 354 का केस रह जाएगा, जिसमें तुरंत गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आगे आगे देखिए होता क्या है। जांच तो करने दीजिए। अब तो हमारे हाथ में खेल है नहीं, दिल्ली पुलिस के हाथ में है। पहलवानों के निवेदन पर एफआईआर हुई है। अब हम उनकी क्या मदद कर सकते हैं। गंगा जी में मेडल डालने गए थे। गंगा जी के बजाय टिकैत को दे दिए। मेरा कार्यकाल पूरा हो चुका है। गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि अगर मैं गलत पाया गया, तो गिरफ्तारी हो जाएगी। बृजभूषण सिंह ने फिर दोहराया कि अगर मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित होता है, तो मैं खुद को फांसी लगा लूंगा। पोक्सो कानून बहुत प्रभावशाली है, मगर बृजभूषण पर लगेगा नहीं लगेगा अभी साफ नहीं है। इसी कानून के चलते एक साधारण वकील ने भारत के टॉप वकीलों को छकाते हुए आसाराम बापू को जेल भिजवाया था, कोई कितना ही प्रभावशाली हो कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता, न ही बचना चाहिए, यह आसाराम बापू के मामले में पूरे देश ने देखा। इसी तरह कोई भी प्रभावशाली बचना नहीं चाहिए। भारत में पोक्सो कानून अस्तित्व में आने के बाद आसाराम बापू के खिलाफ पहला सबसे हाई प्रोफाइल मामला दर्ज हुआ था, जिसमें आसाराम बापू के खिलाफ आरोप लगाए गए थे। इस मामले में वकील पीसी सोलंकी ने पीड़िता की ओर से पैरवी की थी। करीब छह साल तक सुनवाई चलने के बाद कोर्ट ने इस मामले में आसाराम बापू को दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी। आसाराम बापू की ओर से राम जेठमलानी, सुब्रमण्यम स्वामी, मुकुल रोहतगी, केटीएस तुलसी और सिद्धार्थ लूथरा जैसे चर्चित वकीलों ने पैरवी की थी। इसके बाद भी पीसी सोलंकी ने मजबूती से केस की पैरवी करते हुए केस जीता और पीड़िता को न्याय दिलाया। पीसी सोलंकी ने बताया कि पोक्सो कानून बनने के बाद जोधपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में मुझे पुलिस ऑफिसर्स को कानून की बारीकियां समझाने के लिए बुलाया गया। इस दौरान पोक्सो कानून को खूब अच्छे से समझा और पढ़ा। यही सब केस के दौरान बहुत काम आया। वह बताते हैं, आसाराम बापू से जुड़े केस के दौरान धमकियां और लालच मिले, लेकिन मैंने कभी उन पर फोकस नहीं किया। सिर्फ पीड़िता को न्याय दिलाना ही लक्ष्य था और न्याय दिलाया। पीड़िता की ओर से केस लड़ने के लिए पीसी सोलंकी ने कोई फीस नहीं ली, लेकिन पहलवानों के मामले में अब पीड़िता के बालिग होने की बात सामने आने से यह मामला कमजोर पड़ सकता है। आसाराम बापू मामले में राम जेठमलानी, सुब्रमण्यम स्वामी, मुकुल रोहतगी, केटीएस तुलसी और सिद्धार्थ लूथरा जब पीड़ित को बालिग साबित करने की जी तोड़ कोशिश कर रहे थे, तब पीसी सोलंकी ये साबित कर देते हैं कि इस केस में पोक्सो की धाराएं लगनी चाहिए। वो मामला भी हाईप्रोफाइल था यह मामला भी हाई प्रोफाइल है, अब पीड़ित के परिजनों के विपरीत बयानों के बाद यह क्या कानूनी करवट लेता है, यह देखने वाली बात होगी।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"देश" "वक़्त" "मां" "जमीन"

हिम्मतों से जो चला उसका बेड़ा पार है,
वक़्त भी उसी का है जो भी होशियार है।
अपनी माँ का देश का और इस जमीन का,
मैं भी कर्जदार हूँ, तु भी कर्जदार है।

देश की मजबूती को उनके आदर्शो को जीवन में उतारने की जरुरत: हरेन्द्र मलिक

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। सपा कार्यालय पर बुधवार को जिलाध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता व गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जी को जयंती पर नमन किया गया। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में उनके ऐतिहासिक जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रभारी पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने विचार गोष्ठी में देवी अहिल्याबाई होल्कर को पुष्प अर्पित करते हुए सशक्त व मजबूत भारत की प्रेरणा बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भारत की मजबूती का संकल्प लेने का आह्वान सपा कार्यकर्ताओं से किया। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन में महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यों के अलावा देश को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। राकेश शर्मा ने इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कार्यकर्ताओं को उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर देश की मजबूती के लिए समर्पित होकर आगे बढ़ने का भी आह्वान किया। पूर्व प्रमुख विनय पाल ने अहिल्याबाई को नमन करते हुए उनके शासनकाल में भारत के नव निर्माण को ऐतिहासिक काल बताया। कार्यक्रम में सोमपाल सिंह भाटी, सतेन्द्र सैनी, ईलम सिंह गुर्जर, श्यामलाल बच्ची सैनी, साजिद हसन, सतबीर त्यागी, सत्यदेव शर्मा, सैय्यद नौशाद, सतीश गुर्जर, राजकिशोर शर्मा, संदीप धनगर, इकबाल, मीर हसन, दर्शन सिंह, शमशेर मलिक, पवन बंसल, अरशद मलिक, सभासद अन्नू कुरैशी, पंकज सैनी आदि सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्रैन चैम्बर स्कूल में क्रिकेट कैंप आयोजित

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल की क्रिकेट एकेडमी टीम ने एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के कोच आलम गीर खान ने बच्चों को फील्डिंग, बैटिंग एवं बोलिंग के गुर सिखाए। इस कैंप में फैजल, रुद्राक्ष, काजल, अभिजीत, देव, मनस्वी आदि खिलाड़ी सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. एमके गुप्ता, आजाद वीर, आशीष कुमार त्यागी, मयंक शर्मा एवं इशिका कौशिक भी कैंप में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे।

निर्जला एकादशी पर नगर में विभिन्न स्थानों पर मीठे जल की सेवा की गई

महिला पहलवानों के पक्ष में उतरी शांति सेना

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर में बुधवार को शांति सेना से जुड़ी सैंकड़ों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग की। नगर के मुख्य मार्गो पर जुलूस के रूप में नारे लगाते हुए निकली इन तमाम महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता व शांति सेना के संरक्षक मनेश गुप्ता एड. के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर पहुंची इन महिलाओं ने प्रदर्शन के दौरान महिला पहलवानों को पूर्ण समर्थन की घोषणा की गई। इस दौरान महिलाओं की ओर से नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की। धरने पर बैठी इन महिलाओं ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि बीते 1 माह से अधिक समय से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देने के बावजूद यौन शोषण का शिकार हुई इन महिला पहलवानों की मांग पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण की गिरफ्तारी न होना सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताती है।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मनेश गुप्ता के नेतृत्व में इन महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए कहा कि पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न होना देश के कानून के खिलाफ है। धरनारत महिलाओं ने आरोप लगाया कि सरकार यौन शोषण की शिकार पहलवानों को न्याय दिलाना नहीं चाहती। उन्होंने स्पष्ट किया कि यौन शोषण का शिकार महिला पहलवानों को इंसाफ नहीं मिल रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बीते दिनों में ब्रजभूषण शरण के खिलाफ एक मुकदमा तो दर्ज हो गया, लेकिन इस मामले में गिरफ्तारी न होने से सवाल उठ रहे हैं।

वहीं पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफआईआर होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है। इस दौरान मुख्य रूप से सविता गौतम, शशी मलिक, राजेश्वरी वर्मा, जोगेन्द्री कश्यप, कुसुम पाल, शिखा सैनी, ललिता, मोनिका पाल, बित्रो, मुन्नी, पूजा, ममता, सोनिया, उपासना, सविता, सरिता, ताहिरा, प्रमिला, पुष्पा, धर्मवीरी, सोनम, रोबिन, सुरेन्द्र कुमार, सोहनवीर, सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

भाविप विवेक ने की जलसेवा

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बुस.)। भारत विकास परिषद विवेक शाखा के द्वारा निर्जला एकादशी पर्व पर निशुल्क जल सेवा व छबीली वितरण का कार्यक्रम गांधी कॉलोनी मेन रोड पर किया गया, जिसमें शाखा के संरक्षक आशुतोष स्वरूप बंसल, राजकुमार अग्रवाल, अचिन कंसल, अमित सिंघल, राजीव गर्ग, राजकुमार रहेजा, विश्वदीप गोयल, शोभित गुप्ता, रजनीश अग्रवाल व अन्य शाखा के सदस्यों ने मिलकर छबील वितरण का बहुत ही सुंदर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार रहेजा रहे। शाखा अध्यक्ष अमित सिंघल ने आए हुए सभी पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अमित सिंघल, राज कुमार रहेजा, निशा रानी, शोभित गुप्ता, विश्वदीप गोयल, गौरव सिंघल, राजेश गोयल, राज कुमार अग्रवाल, मुकेश बिन्दल, रजनीश अग्रवाल, अचिन कंसल, देवेन्द्र गर्ग, अश्वनी मंगल, परमिन्दर सिंह, राम अवतार गोयल व डॉ. आर.के. सिंह आदि मौजूद रहे।

द्वारिकापुरी मोड़ पर विकल्प जैन ने किया शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर द्वारा मीठे छबील एवं लंगर का आयोजन किया गया। भोपा रोड के द्वारिकापुरी मोड़ पर श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे छबील एवं लंगर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ वार्ड नंबर 33 से सभासद पति एवं समाजसेवी विकल्प जैन और राहुल पवार द्वारा किया गया। इस दौरान मंदिर समिति से अनिल गोयल, अंकित अग्रवाल, पीयूष मित्तल, तुषार, पंडित जी सचिन आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर मीठे शर्बत से गला तर कर खुश हुए यात्री

-उद्यमी भीम कंसल समेत पूरी टीम सेवा में जुटी

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। निर्जला एकादशी पर आज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मीठे शर्बत का वितरण किया गया। ठंडी पेय पाकर यात्री गर्मी में प्यास बुझाते देखे गए। निर्जला एकादशी पर आज तमाम स्थानों पर लगाई गई छबीलों के साथ रेलवे स्टेशन पर भी मीठे शर्बत की छबील लगाई गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने रेलगाडियों के रुकने पर उसमें सवार यात्रियों की जल सेवा की। इसके साथ सफर से उतरे यात्री मीठा शर्बत पीकर खुश नजर आए। इस मौके पर सेवा में जुटे लोगों में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, विनोद राठी, सतीश मलिक, अनमोल छाबड़ा, प्रभाकर त्यागी, रजत राठी तथा सरदार इकबाल सिंह आदि शामिल रहे। दूसरी ओर श्री खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति द्वारा आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बालाजी रोड स्थित श्री बालाजी चौराहे पर मीठे शरबत की छबील लगाई गई जिसमे समिति के अध्यक्ष विशाल गोयल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति भीमसेन कंसल, राहुल गोयल, विशाल गर्ग, समिति के अशोक गुप्ता, विकास गोयल, विपिन गुप्ता, रजत राठी,अर्चित सिंघल सौरभ गर्ग, तुषार मंगल, अनुज गोयल, हिमांशु गोयल, विनीत सिंघल, पुनीत गुप्ता, गौरव बंसल मोहित सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, कमल सिंघल, ईशान गर्ग, केशव जैन, हर्षित सिंघल, विपिन सिंघल, वासु गुप्ता, सचिन, सिद्धार्थ व समिति के सभी सेवादार उपस्थित रहे।

समर्पित युवा परिवार ने प्रस्तुत किया सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बुस.)। रक्तदान के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति के सदस्य संदीप भाटिया की माता उमा भाटिया जी का आकस्मिक निधन आज सुबह हो गया। परिवार को समर्पित युवा संजीव अरोरा द्वारा माता जी के नेत्रदान करने की प्रेरणा दी, तो परिवार के सभी सदस्यों ने एक स्वर में महादान की स्वीकृति प्रदान की स्वर्गीय उमा भाटिया के परिवार से पुत्री शालिनी वांसल, अलका खन्ना एवम संदीप भाटिया ने संयुक्त रूप से नेत्रदान का फॉर्म भरा एवं इस महादान की प्रेरणा सर्व समाज को दी। संजीव अरोड़ा ने बताया कि मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में स्थित नेत्र बैंक के माध्यम से यह महान कार्य संपन्न हुआ। आशा है सभी लोग भाटिया परिवार से प्रेरणा लेते हुए इस क्षेत्र में आगे आएंगे। समर्पित युवा समिति से अमित पटपटिया, अखिल तगड़ा एवम सोनिया लूथरा का नेत्र दान की व्यवस्था बनाने में विशेष योगदान रहा। मेडिकल कॉलेज टीम ने बताया कि दान की गई दोनों कोर्निया स्वस्थ हैं एवं शीघ्र अति शीघ्र सुपात्र व्यक्तियों को यह कॉर्निया ट्रांसप्लांट कर दी जाएगी। समर्पित युवा अमित पटपटिया ने बताया समिति काफी समय से नेत्रदान पर जागरूक करने का प्रयास कर रही है और आज निर्जला एकादशी के पवित्र दिन पर स्वर्गीय उमा भाटिया जी के नेत्रदान द्वारा इस पुण्य कार्य को मूर्त रूप दिया गया। जल्दी ही समर्पित परिवार के सभी सदस्य नेत्रदान का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरेंगे। इस अवसर पर परिवार से दीपक भाटिया, पुनीत भाटिया, अरुण भाटिया, गौरव भाटिया, नीलम भाटिया,सुमन भाटिया, रवि वाधवा आदि उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **दीपक कुमार (DEEPAK KUMAR)** के स्थान पर **दीपक शर्मा (DEEPAK SHARMA)** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **दीपक शर्मा (DEEPAK SHARMA)** के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

दीपक शर्मा
(DEEPAK SHARMA)
पुत्र श्री रतन लाल
मकान नं. 75-बी, गली नं. 05
द्वारिकापुरी, मुजफ्फरनगर

श्रद्धांजलि

हूँ स्वतंत्र निश्चल निष्काम। ज्ञाता दृष्टा आतम राम।।
मैं वह हूँ जो है भगवान, जो मैं हूँ वह है भगवान।।
अन्तर यही ऊपरी जान, ये विराम यहँ रोग वितान।।
सहजानन्द

लाला गुलशन राय जैन
(15.08.1914 – 01.06.1993)
प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे सदैव...

GULSHAN POLYOLS LIMITED
गुलशन पोलीओल्स लिमिटेड
9वां किमी. जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
E-mail : gsclmzn@gulshanindia.com

अहिल्याबाई जयंती पर किया पाल धर्मशाला में रक्तदान

-गौरव स्वरूप व विजय शुक्ला ने किया नमन, शिविर का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्मोत्सव पर तीन स्थानों पर रुधिर संघ के साथ में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए जिनमें सैकड़ों युवा, महिला एवं पुरुषों ने भाग लेते हुए रक्तदान किया। इससे पूर्व जिला अस्पताल चौक स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर प्रातः बेला में संपन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव स्वरूप, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, सहकारी बैंक के चेयरमैन सत्यपाल पाल, विजेन्द्र पाल उनकी पत्नी सभासद कुसुम लता पाल, सभासद हनी पाल, सभासद रविकांत शर्मा, विपुल त्यागी, डॉ. संदीप शर्मा आदि लोगों ने माल्यार्पण करने के साथ देश की बेहतरी एवं सम्मान के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान की सराहना की। इस दौरान संपन्न कार्यक्रम अध्यक्षता मा. ब्रह्मसिंह धनगर व संचालन अरविंद धनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम वंदे मातरम के जयघोष के साथ राष्ट्रगीत से प्रारंभ तथा राष्ट्रगान पर संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्लोगन लगाकर युवाओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर रुधिर सेवा संघ संचालक अखिल, पंकज बत्रा एवं अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ से राजीव धनगर, प्रीतम सिंह, शिवकुमार, संजीव, संदीप, सतीश, प्रदीप, विजेंद्र, शशि, पूर्ण सिंह, राजपाल, प्रवीण, प्रमोद भारती, गौरव, सुनील, पलटूराम, रमेश चंद्र, रजनीश, लोकेश, विनोद धनगर, पूनम, रीता, रेनू, राजपाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

शुक्रताल पंजाबी मंदिर एवं धर्मशाला में भंडारा एवं शरबत हुआ

शुकतीर्थ, 31 मई (बुस.)। शुकतीर्थ में शुक्रताल पंजाबी मंदिर एवं धर्मशाला ने हर साल की भांति इस साल भी गंगा दशहरा के पर्व पर भंडारा एवं शरबत वितरण का कार्यक्रम भली-भांति पूर्ण संपन्न किया, जहां सैकड़ों लोगों ने आकर शरबत एवं भंडारा ग्रहण किया और धर्मशाला के पदाधिकारियों की भूरी भूरी प्रशंसा की। शुक्रताल पंजाबी धर्मशाला पिछले अनेकों साल से इस तरह के कार्यक्रम कर सामाजिक कार्य को अंजाम दे रही है एवं पंजाबी धर्मशाला में भागवत कथा हेतु एक काफी बड़ा हॉल भी निर्मित है और लगभग 31 कमरे भी हैं, जिसका रेनोवेशन का कार्य शुरू हो चुका है और जल्द ही यह तैयार हो जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रमोद अरोरा अध्यक्ष, विजय वर्मा महामंत्री, विनोद दावर कोषाध्यक्ष, अशोक डोडा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित अरोरा, अनिल आहूजा, मनीष गुंबर, कुलभूषण बजाज, हितेश, सागर वत्स, विक्की, आदि लोग उपस्थित थे।

मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में शिवचौक पर लगाई छबील

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बुस.)। मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में निर्जला एकादशी (भीम सैनी एकादशी) के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति परम्परागत ठंडी मीठी छबील का आयोजन शिव चौक गोल मार्किट के बाहर प्रातः9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। छबील के द्वारा हर आने जाने वाले को बिना किसी जातिगत भेदभाव के आग्रहपूर्वक दूध मिश्रित शुद्ध ठंड़ाई का सेवन कराया गया। मानव कल्याण परिषद के राज कुमार बक्शी, केवल कृष्ण अरोरा, राकेश तनेजा, दीपक अरोरा, सुरेन्द्र बंसल, नरेश नंदन आदि के अतिरिक्त विशेष रूप से भारत स्काऊट ऐण्ड गाईड के बालक बालिकाओं का सहयोग बहुत बहुत प्रशंसनीय रहा। भारत स्काऊट ऐण्ड गाईड के जिला मुख्यायुक्त प्रभा शुक्ला जिला स्काऊट कमिशनर विनोद कुमार जिला संगठन कमिशनर भारत भूषण अरोरा, जिला सचिव सुखदेव मित्तल, श्रीमति प्रभा देवी, कोडिनेटर अनुज कुमार, ट्रेनिंग काउन्सलर अमित कुमार, कुमारी ज्योती, कुमारी नैना और सहायक प्रादेशिक संगठन कमिशनर कविता पांडेय के कुशल मार्ग दर्शन में वैदिक पुत्री इंटर कालेज, जैन कन्या इंटर कालेज नई मंडी, चौधरी छोटूराम डिग्री कालेज, नगर पालिका कन्या इंटर कालेज के बालक बालिकाओं द्वारा प्रशंसनीय जल वितरण का कार्य कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। छबील के आयोजन मे नगर पालिका परिषद द्वारा पानी के टेंकर की व्यवस्था सरहनीय रही। बहावलपुर समाज के महासचिव अश्वनी रहेजा द्वारा उल्लेखनीय सहयोग से छबील निर्विघ्न संपन्न हुई। उपरोक्त जानकारी मानव कल्याण परिषद के कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वयक प्रेम प्रकाश द्वारा दी गई है।

सदर बाजार में लगाई ठंडी छबील

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बुस.)। आज व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल की सदर बाजार इकाई द्वारा सदर बाजार में निर्जला एकादशी के अवसर पर शरबत की छबील लगाई गई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता रहे। शलभ गुप्ता ने कहा कि हिन्दु धर्म में गर्मी में शीतल जल और शरबत की सेवा करना सबसे बड़ा परमार्थ है। सदर बाजार इकाई के समस्त पदाधिकारीगण को इस पुनीत कार्य की बहुत बहुत शुभकामनाए देता हुं। आयोजनकर्ता मनीष सिंघल, संजय गुप्ता, रजनीश, अक्षित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, देवेश गर्ग, रमित आदि रहे।

भुखमरी की ओर जा रहा है पाकिस्तान?

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। पाकिस्तान कि बिगड़ती स्थिति की सबसे ज्यादा मार देश के गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रही है। रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है ये संकट और बढ़ने वाला है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान का मौजूदा खाद्य संकट आने वाले महीनों में और ज्यादा गहरा सकता है। यूएन ने हाल ही में 'हंगर हॉटस्पॉट्सः एफएओ-डब्ल्यूएफपी अर्ली वॉर्निंग ऑन सीवियर फूड इनसिक्योरिटी।' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में उन देशों को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जहां आने वाले दिनों में खाद्य सामग्री की भारी किल्लत होने की आशंका है। इस रिपोर्ट को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफएओ) और यूएन की संस्था वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की तरफ से तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट में अलग-अलग देशों को जून से नवंबर तक के हालात के लिए सतर्क रहने को कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले से ही वैश्विक स्तर पर आए आर्थिक संकट और देश पर बढ़ते कर्ज के चलते पाकिस्तान एक बड़े संकट में फंसा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार को अप्रैल 2023 से लेकर जून 2026 तक 77.5 अरब डॉलर (करीब 21 लाख 83 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये) के बराबर विदेशी कर्ज चुकाना है। यह आंकड़ा डराने वाला इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की कुल जीडीपी ही 350 अरब डॉलर (करीब 98 लाख 62 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये) की है।

राहुल के भाषण के बीच लगे भारत विरोधी नारे, कांग्रेस नेता के मुस्कुराने पर भाजपा हुई आक्रामक

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का विदेशी दौरा हमेशा भारत की राजनीति में उफान लेकर आता है। वह आजकल अमेरिका की यात्रा पर है। यहां उन्होंने बुधवार को भारतीयों से बातचीत की। इस दौरान कभी पीएम मोदी को निशाना बनाया तो कभी सरकार पर हमला किया। इस बीच, कैलिफोर्निया में भाषण के दौरान खालिस्तानियों द्वारा राहुल गांधी को परेशान किए जाने के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। राहुल के भाषण के दौरान एक मौके पर कुछ लोगों को खालिस्तान समर्थन का नारे लगाते देखा गया। हालांकि, राहुल ने इसका जबाव 'भारत जोड़ो के नारे' और 'मोहब्बत की दुकान' से देने की कोशिश की फिर भी भारत विरोधी नारों पर उनका मुस्कुराना बड़े राजनीतिक विवाद को जन्म दे सकता है।

नेपाल के पीएम चार दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। हवाईअड्डे पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उनका स्वागत किया। इससे पहले सुबह नेपाल के प्रधानमंत्री चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत रवाना हो गए। अपनी इस यात्रा के दौरान वह अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पीएम प्रचंड (68) के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत रवाना हुआ है। इसमें 100 से अधिक सदस्य हैं।

राफेल के साथ भारतीय वायुसेना की जबरदस्त तैयारी

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना के चार राफेल लड़ाकू विमानों ने हिंद महासागर क्षेत्र में छह घंटे से ज्यादा समय तक युद्धाभ्यास किया। यह अभ्यास लॉन्ग रेंज मिशन के लिए था। ऑपरेशन से जुड़े लोगों ने बुधवार को कहा कि जेट विमानों ने पूर्वी सेक्टर के हासीमारा वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी और मिशन को अंजाम दिया, जिसमें विभिन्न युद्धाभ्यास और नकली ऑपरेशन शामिल थे। इसे पूरा करने के बाद बेस पर वापस लौट आए। भारतीय वायु सेना ने इस अभ्यास को ऐसे समय में किया है जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। लोगों ने आगे बताया कि चार राफेल जेट द्वारा मिशन ने विभिन्न चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने में अपनी परिचालन क्षमताओं और तत्परता का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन के दिन का खुलासा किए बिना बताया कि कहा कि यह हाल ही में किया गया था। भारतीय वायुसेना ने भी मिशन के बारे में ट्वीट किया कि भारतीय वायुसेना अपने पंख फैला रहा है। चार भारतीय वायुसेना के राफेल विमान ने हिंद महासागर क्षेत्र में छह घंटे से अधिक समय तक लंबी दूरी के मिशन के लिए उड़ान भरी। विमान ने अपने हथियार रिलीज प्वाइंट के रास्ते में एक बड़ी ताकत के माध्यम से मिशन को अंजाम दिया।

50 फीट गहरी खाई में गिरा ऑटो, चार लोगों की मौत

जशपुर, 31 मई (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के जशपुर में बुधवार को एक ऑटो 50 फीट गहरी खाई में गिर गया। इसके चलते पति-पत्नी सहित चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि बच्चे सहित दो लोगों गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में ऑटो होने के कारण चालक नियंत्रित नहीं कर सका। ऑटो सवार सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा सन्ना थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, करदना निवासी बुधनाथ राम (38) पुत्र बैजू राम अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए सोनक्यारी गांव गया था। वहां से सभी लोग बुधवार शाम को लौट रहे थे। अभी वे घाघरा रोड में छतौरी कापुकोना के पास पहुंचे थे कि ऑटो अनियंत्रित हो गया और 50 फीट गहरी खाई में जा गिरा। मौके से गुजर रहे लोग हादसे को देखकर सहम गए। सूचना मिलने पर सोनक्यारी पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि हादसे में बुधनाथ और उसकी पत्नी फूलमति (35) की मौत हो चुकी थी।

सीरम इंस्टीट्यूट ने टीबी का पता लगाने के लिए इंजेक्शन की टेस्टिंग की मांगी अनुमति

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने टीबी का पता लगाने के लिए सीवाई-टीबी इंजेक्शन के इन-हाउस परीक्षण की अनुमति देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आग्रह किया है। एसआईआई से जुड़े सूत्र ने बुधवार को बताया कि इस इंजेक्शन की सुविधा देश की किसी भी सरकारी प्रयोगशाला में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि एसआईआई के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने इस संबंध में एक पत्र लिखा है।

मरीज द्वारा हत्या पर डॉक्टर के परिवार को केरल सरकार ने दी आर्थिक मदद

तिरुवनंतपुरम, 31 मई (एजेंसी)। मरीज के हमले में जान गंवाने वाली डॉक्टर वंदना दास के परिवार को केरल सरकार ने मुआवजे के रूप में 25 लाख रुपये देने का फैसला किया। वंदना की मई की शुरूआत में ही एक अस्पताल में एक मरीज ने बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी थी। कोट्टायम जिले के कडुथुरुथी इलाके की रहने वाली 23 वर्षीय डॉक्टर वंदना अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी और अजीजिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हाउस सर्जन थी।

नगर में निकली अहिल्याबाई की शोभायात्रा, हुआ स्वागत

▶ जिला अस्पताल चौक पर यज्ञ में शामिल हुए आम-ओ-खास
▶ जगह-जगह छबील लगाकर किया गया शोभायात्रा का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती पर शहर में बुधवार को देवी अहिल्याबाई को नमन करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के बैंडबाजों और डीजे की धुनों पर युवाओं की टोली के साथ काफी संख्या में भव्य झांकियां शोभायात्रा में इस बीच आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। इससे पूर्व प्रातः बेला में नगर के अस्पताल तिराहा स्थित देवी अहिल्याबाई चौक पर समाज के लोगों द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा मार्ग पर शीतल जल, मीठा शरबत एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। उधर, गांव-देहात और विभिन्न कस्बों में भी अहिल्याबाई जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को अखिल भारतीय पाल धनगर संगठन की ओर से देवी अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में जहां एक ओर सुबह को जिला अस्पताल तिराहा स्थित अहिल्याबाई मूर्ति पर संगठन की ओर से यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में बतौर मुख्य अतिथि पालिका चेयरपर्सन के पति भाजपा नेता गौरव स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सपा नेता राकेश शर्मा, सहकारी बैंक के चेयरमैन सत्यपाल पाल, बिजेंद्र पाल, संजय पाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान यहां मीठे शरबत की छबील भी लगाई गई। दोपहर बाद कच्ची सड़क मौ. केवलपुरी मंदिर से देवी अहिल्याबाई जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे व बैंडबाजों के साथ वाहनों पर सजी झांकियों के साथ पाल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में इस शोभायात्रा में भाग लिया। अहिल्याबाई जयंती पर कच्ची सड़क स्थित केवलपुरी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा अस्पताल चौक होते हुए रुड़की रोड, नावल्टी चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक, टाउनहाल और शिवचौक होते हुए वापस रुड़की रोड के रास्ते फिर से अहिल्याबाई चौक से केवलपुरी में संपन्न हुई। इस दौरान शोभायात्रा के चलते पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। नगर के मुख्य मार्गो से होती इस शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन अध्यक्ष राम निवास एडवोकेट, उमेश पाल, दर्शन पाल के अलावा बड़ी संख्या में पाल समाज के गणमान्य मौजूद रहे। इस बीच डीजे और बैंडबाजों की धुनों पर युवाओं की टोली नृत्य करते हुए पूरे रास्ते उत्साह के साथ शामिल रही।

रालोद कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, फूंका शरण का पुतला

▶ नई मंडी पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, जमकर नोकझोंक ▶ पांच कार्यकर्ता गिरफ्त में, एक कार्यकर्ता चोटिल

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र विश्वकर्मा चौक के पास रजवाहा रोड पर बुधवार को रालोद कार्यकर्ताओं ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व एवं सांसद ब्रजभूषण शरण का पुतला फूंकते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सूचना पाकर मौके पर पहुंची नई मंडी कोतवाली पुलिस की रालोद कार्यकर्ताओं के साथ धक्का-मुक्की हो गई, जिसमें हंगामे के बीच में एक रालोद कार्यकर्ता सड़क पर गिरने से घायल हो गया। पुलिस ने पांच रालोद कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस घटना की वीडियो की जांच कर रही है। इस बीच रालोद के कार्यकर्ता भी गिरफ्तार कार्यकर्ताओं के पक्ष में नई मंडी थाने में पहुंच गए। नई मंडी कोतवाली पुलिस को बुधवार को सूचना मिली कि रालोद कार्यकर्ता विश्वकर्मा चौक पर महिला पहलवानों के समर्थन करते हुए भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं सांसद ब्रजभूषण शरण का पुतला दहन करने जा रहे हैं। नई मंडी कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार त्यागी फोर्स लेकर विश्वकर्मा चौक पर ही पहुंच गए। स्थानीय पुलिस को देखकर रालोद कार्यकर्ताओं ने विश्वकर्मा चौक न पहुंचकर नजदीक रजवाहा रोड पर ही अपना विरोध दर्ज कराने की खातिर सांसद का पुतला ले कर उसमें आग लगा दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने रालोद कार्यकर्ताओं से जलते पुतले को छीन लिया। इस दौरान पुलिस की रालोद कार्यकर्ताओं से जमकर धक्का-मुक्की हुई। इस बीच हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं में से एक कार्यकर्ता सड़क पर गिरने से ऐसे में घायल हो गया। पुलिस ने उक्त घायल कार्यकर्ता समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस दौरान काफी देर तक मौके पर हंगामा होता रहा। पुलिस ने मौके पर मोबाइल से वीडियो भी बनाई है। अब नई मंडी पुलिस वीडियो के आधार पर हंगामा कर रहे रालोद कार्यकर्ताओं को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है।

24 स्पा सेंटरों पर छापाः पकड़े दस युवक और तीस युवतियां

सहारनपुर, 31 मई (एजेंसी)। नगर में चल रहे स्पा सेंटरों पर पुलिस की तीन स्पेशल टीमों ने छापा मारकर कार्रवाई कर घंटाघर, पार्श्वनाथ प्लाजा और जीएनजी मॉल में चल रहे 24 स्पा सेंटरों से 40 से अधिक युवक-युवतियों को पकड़ा है। पिछले काफी समय से एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को सूचना मिल रही थी कि महानगर में चल रहे स्पा सेंटरों की आड़ में अनैतिक कार्य हो रहा है। एसएसपी ने एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को कार्रवाई के लिए कहा। बुधवार की शाम एसपी सिटी ने तीन टीमों का गठन किया। एक टीम ने एसपी सिटी के साथ पार्श्वनाथ प्लाजा, दूसरी टीम ने सीओ द्वितीय जितेंद्र शर्मा के साथ जीएनजी मॉल और तीसरी टीम ने बेहट सीओ रूचि गुप्ता के साथ घंटाघर पर चल रहे स्पा सेंटरों में छापामारी की कार्रवाई की। एसपी सिटी ने बताया कि तीनों जगहों पर 24 स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की गई। यहां से 10 युवकों और 30 से अधिक युवतियों को हिरासत में लिया गया है। इनमें स्पा सेंटरों के मैनेजर भी शामिल है, जबकि कुछ जगहों से स्पा सेंटरों के मालिक फरार हो गए। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन स्थित महिला थाने ले आई, जहां पर युवतियों से पूछताछ के बाद उनके परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया। ये युवतियां स्पा सेंटरों पर नौकरी करती हैं, जबकि युवक पुलिस हिरासत में है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- महिलाओं को पढ़ने या बच्चे पैदा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि महिलाओं को पढ़ने या बच्चे पैदा करने में से कोई एक विकल्प चुनने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इस अहम टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने एमएड की एक छात्रा को मातृत्व अवकाश का लाभ देने और आवश्यक उपस्थिति पूरी होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का निर्देश भी दिया। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने हाल ही में एमएड छात्रा की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान ने एक समतावादी समाज की परिकल्पना की है, जिसमें नागरिक अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। समाज के साथ-साथ राज्य भी उन्हें इसकी अनुमति देता है। कोर्ट ने आगे कहा कि सांविधानिक व्यवस्था के मुताबिक किसी को शिक्षा के अधिकार और प्रजनन स्वायत्तता के अधिकार के बीच किसी एक का चयन करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। महिला याचिकाकर्ता ने दिसंबर, 2021 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में दो साल के एमएड कोर्स के लिए दाखिला लिया था। उन्होंने मातृत्व अवकाश के लिए यूनिवर्सिटी डीन और कुलपति के पास आवेदन किया था। इसे 28 फरवरी को खारिज कर दिया गया।

मुकेश अंबानी के घर गूंजी किलकारी

मुंबई, 31 मई (एजेंसी)। मुकेश अंबानी के परिवार में आज चारों तरह खुशी का माहौल है। नीता अंबानी और मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका मेहता दूसरी बार पेरेंट्स बने है। श्लोका ने बेटी को जन्म दिया है। अपने दूसरे बच्चे के आने से लगभग एक हफ्ते पहले श्लोका मेहता पति आकाश अंबानी, ससुर मुकेश अंबानी और बेटे पृथ्वी के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर गई थीं। आकाश अंबानी और श्लोका मेहता ने मार्च 2019 में शादी की थी। उन्होंने दिसंबर 2020 में अपने पहले बच्चे एक बेटे का स्वागत किया।

साक्षी के दोस्त झबरू ने उड़ाया था मजाक, इसलिए की साहिल ने बर्बर हत्या

नई दिल्ली। साक्षी की मौजूदगी में उसके दोस्तों के अश्लील मजाक और धमकी मिलने से आगबबूला साहिल ने हत्या की खौफनाक साजिश रची। उसने तय किया कि उसे साक्षी और उसके दोस्तों में से कोई मिल जाएगा। उसकी बेरहमी से हत्या कर देगा। उसने तय कर लिया था कि वह चाकू से जब तक वार करता रहेगा, जब तक मौत नहीं हो जाती। पुलिस पूछताछ में यह खुलासा साहिल ने किया है। पुलिस आरोपी को बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश करेगी। बाहरी-उत्तरी जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साहिल ने पूछताछ में बताया कि वह साक्षी को एक-डेढ़ वर्ष से जानता था। पिछले चार महीने से उसकी दोस्ती थी। वारदात वाले दिन 27 मई से एक दिन पहले साहिल को बाजार में साक्षी, उसकी सहेली और दोस्त अजय उर्फ झबरू से मिले। यहां पर अजय ने उसका अश्लील मजाक उड़ाया। साथ ही साक्षी से दूर रहने की धमकी दी थी।

दुष्कर्म कर वीडियो बनाने एवं वायरल करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

चरथावल, 31 मई (बु.)। थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाने एवं वीडियो वायरल करने के मामले में काफी दिनों से वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र में 25 दिन पूर्व किशोरी के साथ दुष्कर्म करने एवं दुष्कर्म की वीडियो बनाने में तथा वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए यूसुफ व अन्य दो अभियुक्तों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था। बुधवार को चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में निरीक्षक चंद्रसेन सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त मामले में वांछित चल रहे तीसरे अभियुक्त रिजवान पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला मुर्दा पट्टी कस्बा व थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

चरथावल, 31 मई (बु.)। ग्राम दधेड़ू कला से पुलिस ने मारपीट के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दधेड़ू चौकी प्रभारी रामवीर सिंह ने हेड कांस्टेबल दीपक कसाना के साथ मिलकर मारपीट के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त सुशील पुत्र रघुवीर उर्फ गुड्डा निवासी ग्राम दधेड़ु कला थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

किसान सेवा सहकारी समिति के ताले तोडकर नकदी चोरी

मीरापुर, 31 मई (बु.)। गांव सिकरेड़ा स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में बीतीरात चोरों ने ताले तोडकर यहां से हजारों की नकदी चोरी कर ली। सवेरा होने पर कर्मचारियों को चोरी की जानकारी लगी। बुधवार की सुबह होने पर जब समिति पर तैनात कर्मचारी निमित पहलवान समिति में पहुंचा, तो समिति दरवाजे के ताले टूटे मिले। चोरी की सूचना पर बीआइटी चौकी इंचार्ज राहुल कुमार व समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे गए, जिसके बाद पुलिस द्वारा आसपास में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की गई। बता दें कि चोर यहां लॉकर में रखी हुई 34 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। समिति के सचिव अनिल तिवारी ने बताया कि चोर लॉकर में रखे हुए करीब 34 हजार रुपए चोरी कर ले गया।

2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर 9.1 से घटकर 7.2% हुई

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसी)। देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर मार्च 2023 को खत्म हुई तिमाही में 6.1 फीसदी रही। पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में यह आंकड़ा चार फीसदी था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, चौथी तिमाही में देश की जीडीपी 6.1 फीसदी दर्ज की। बीते वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 9.1 फीसदी रही थी। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर को पार कर लेगी। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक की बीते शुक्रवार को जारी शोध रिपोर्ट इकोरैप में कहा गया था कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में भारत की वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत रहने की संभावना है, लेकिन सरकार के आंकड़ों में यह छह फीसदी से भी ज्यादा रही।

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्रालय के संशोधित अनुमान में भी राजकोषीय घाटा इतना ही रहने का लक्ष्य रखा गया था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने केंद्र सरकार के 2022-23 के राजस्व-व्यय का आंकड़ा जारी करते हुए बुधवार को बताया कि मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा 17,33,131 करोड़ रुपये (अस्थायी) रहा है। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए बाजार से कर्ज लेती है। सीजीए ने कहा कि राजस्व घाटा जीडीपी का 3.9 प्रतिशत रहा है। वहीं प्रभावी राजस्व घाटा जीडीपी का 2.8 प्रतिशत रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश आम बजट में 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत पर सीमित करने का लक्ष्य रखा है। इस बीच आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल 2023 में सुस्त पड़कर 3.5 फीसदी रह गई है। यह इसका छह महीने का निचला स्तर है। मुख्य रूप से कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और बिजली का उत्पादन घटने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त पड़ी है। पिछले साल अप्रैल में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 9.5 फीसदी बढ़ा था। मार्च 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 3.6 फीसदी रही थी। यह बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की अक्तूबर 2022 के बाद सबसे सुस्त रफ्तार है। उस समय बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 0.7 प्रतिशत बढ़ा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में कोयले का उत्पादन नौ फीसदी घटा है। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक उत्पादन में 23.5% की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह इस्पात उत्पादन 12.1 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा है।

कुख्यात उधम सिंह के खिलाफ केस में निर्णय सुरक्षित

कैराना। 1992 में रोडवेज बस लूटने तथा पुलिस की गिरफ्तारी के दौरान हथियार बरामदगी के मामले में कुख्यात उधम सिंह के खिलाफ कोर्ट में विचाराधीन केस में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। जनवरी 1992 में कोतवाली क्षेत्र के ऊंचा गांव के निकट तीन बदमाशों ने रोडवेज बस को हथियारों की नोक पर लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने कुख्यात बदमाश उधम सिंह निवासी गांव करनावल मेरठ को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा भी बरामद हुआ था। दोनों मुकदमे कैराना स्थित कोर्ट में विचाराधीन हैं। लूट के मामले में पीड़ित पक्ष पक्षधर हो गया था, जबकि हथियार बरामदगी के मामले में तत्कालीन 21 पुलिसकर्मी गवाह हैं। इनमें कुछ की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कुछ रिटायर हो गए। गवाहों में चार पुलिसकर्मियों की गवाही कोर्ट में हुई। बुधवार को कोर्ट में कुख्यात उधम सिंह के खिलाफ केस में सुनवाई हुई। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

जांच के नाम पर दरोगा ने चिकित्सक से की अभद्रता

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। बताया गया है कि एक मई को रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी निवासी 32 वर्षीय विवाहिता अर्चना को गंभीर हालत में खतौली में डॉ. एनके त्यागी के क्लीनिक पर उपचार के लिए लाया गया था। विवाहिता ने विषाक्त पदार्थ खाया हुआ था। इस कारण उसकी मौत हो गई थी। विवाहिता के परिजनों ने देवर-देवरानी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। साथ ही मुकदमा दर्ज न होने पर एसपी देहात से भी शिकायत की थी। इस पर एसपी देहात ने मामले की जांच खतौली भूड़ चौकी इंचार्ज को भेजी थी। भूड़ चौकी प्रभारी बुधवार को सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए चिकित्सक के यहां पहुंचे। चिकित्सक ने कुछ देर बाद में बात करने के लिए कहा। आरोप है कि दरोगा ने उसके साथ अभद्रता की। कोतवाली चलने के लिए कहते हुए उन्हें क्लीनिक से बाहर ले आया। इसकी सूचना पर आईएमए से जुड़े चिकित्सक कोतवाली पहुंचे और हंगामा करते हुए दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टरमुकेश कुमार ने चिकित्सकों को बमुश्किल शांत किया। हंगामा करने वालों में डॉ. एनके त्यागी, डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. एएन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

गैंगस्टर्स के तीन आरोपियों को 7 साल कैद व 30 हजार अर्थदण्ड की सजा

मुजफ्फरनगर, 31 मई (बु.)। पिता के सामने पुत्र की हत्या करने वाले 3 आरोपियों को अदालत ने गैंगस्टर के मुकदमे में दोषी ठहराते हुए 7-7 साल कैद व 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संदीप सिंह, विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह पुंडीर एवं राजेश शर्मा ने बताया कि प्रकरण थाना कोतवाली क्षेत्र का है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च 2017 को कोतवाली क्षेत्र के पिनना गांव निवासी ऋषिपाल शाम 5.00 बजे अपने भाई ओमपाल के साथ अख्तर की दुकान के बराबर में खड़े थे। ऋषिपाल के बेटे गौरव ने व्यापार के लिए बुढ़ाना मोड पर अपना दफ्तर बना रखा था। गौरव और जसराज दफ्तर में बैठे थे। शाम 5.00 बजे के लगभग ऋषिपाल भी दफ्तर की बगल में अख्तर की दुकान पर खड़े थे, तभी गांव के मनजीत पुत्र साहब सिंह, राहुल पुत्र साहब सिंह, सुमित पुत्र तीरसपाल उर्फ तीरथपाल और एक अज्ञात व्यक्ति अपनी वैगनआर कार से आए। मनजीत के हाथ में राइफल बाकी के लोगों के हाथ में तमंचे थे। यह लोग अचानक कार से उतरकर गौरव के ऑफिस में पहुंचे। इनके पीछे ऋषिपाल ने भी घुसने की कोशिश की, तभी मनजीत ने अपने हाथ में लिए राइफल से गौरव को दो गोली मारी। बाकी ने तमंचे से भी फायर किया, जो किसी तरह से बचा और गौरव की हत्या कर अभियुक्त कार में बैठकर फरार हो गए। मामले में मंजीत व राहुल पुत्र साहब सिंह सुमित पुत्र तिरसपाल निवासी पिनना और राहुल पुत्र नरेंद्र निवासी किनौनी, शाहपुर के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में चालान किया। राहुल पुत्र नरेंद्र की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। तीनों अभियुक्तों मनजीत, राहुल व सुमित के विरुद्ध हत्या का अभियोग अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 13 में विचाराधीन है। गैंगस्टर कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने सभी गवाह प्रस्तुत किए। दौरान बहस अभियोजन ने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय की दलीलें पेश कीं। सुनवाई बाद गैंगस्टर जज अशोक कुमार ने तीनों अभियुक्तों को 7-7 साल कैद और 30-30 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया।

दंगामुक्त यूपी की संकल्पना को मजबूत करेंगे

▶ डीजीपी विजय कुमार ने कहाः शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी प्राथमिकता।

लखनऊ, 31 मई (एजेंसी)। प्रदेश के नए कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि दंगा मुक्त उत्तर प्रदेश के साथ माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन व उसके गुर्गे गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी उनकी प्राथमिकता में हैं। बुधवार को कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं पर मीडियाकर्मियों से बात की।

कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि कहा पुलिस लगातार मजबूत हो रही है। एसटीएफ, एटीएस